Reg. No. : ....

Name : ....

ARTS AND SCIENCE COLLEGE LIBRARY

K20U 3232

I Semester B.Com./B.B.A./B.B.A.T.T.M./B.T.T.M./B.B.M. Degree
(CBCSS – Supplementary) Examination, November 2020
(2014-2018 Admissions)
COMMON COURSE IN HINDI
1A07 – 1 HIN : Srujanatmak Sahithya

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का विस्तृत उत्तर लिखिए।

1) कहानी कला की दृष्टि से 'एक गौ' का विश्लेषण कीजिए।

2) यशपाल के 'आतिथ्य' कहानी का सारांश लिखिए। (1×7=7)

II. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का विस्तृत उत्तर लिखिए।

3) 'आओ, हम पथ से हट जाएँ' कविता का भावार्थ लिखिए।

4) 'यह दीप अकेला' में अज्ञेय समाज और व्यक्ति के संबन्ध को कैसे उजागर किया है ? (1×7=7)

III. कम से कम **125** शब्दों में किसी **एक** पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

5) बिरहा बुरहा जिन कहौ, बिरहा है सुलितान
जिस घटि बिरह न संचरै, सो घट सदा मसान

6) मैया मैं नहिं माखन खायौ
ख्याल परै ये सखा सबै मिलि, मेरे मुख लपटायौ
देखि तुही सीके पर भाजण, ऊँचे धरि लटकायौ
हौं जु कहत नान्हे कर अपनैं मैं कैसें करिपायौ
मुख दधि पोंछि, बुद्धि इक कीन्हीं दोना पीठी दुरायौ
डारि साँटी, मुसुकाइ जसोदा, स्यामहि कंठ लगायौ ॥
बाल-बिनोद-मोद मन मोह्यौ, भक्ति प्रताप दिखायौ
सूरदास जसुमति कौ यह सुख, सिब बिरंचि नहिं पायौ ॥ (1×3=3)

P.T.O.

IV. कम से कम **125** शब्दों में किन्हीं **दो** पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।

7) इनकी इन मधुमय घड़ियों में
हास-लास की फुलझड़ियों में,
हम न अमंगल शब्द निकालें, हम न
अमंगल अश्रु बहाएँ ।

8) यह वह विश्वास नहीं, जो अपनी लघुता में भी काँपा,
वो पीड़ा, जिसकी गहराई को स्वयं उसी ने नापा,
कुत्सा, अपमान अवज्ञा के धुंधुआते कडुवे तम में
यह सदा द्रवित, चिर जागरूक अनुरक्त नेत्र
उल्लम्ब बाहु, यह चिर अखंड अपनाया ।

9) अलख नाभि-से उठनेवाले
निज के ही उन्मादक परिमल
के पीछे धावित हो-होकर
तरल तरुण कस्तूरी मृग को
अपने पर चिढ़ते देखा है ।

10) आओ हम अपनी राह बनाएँ
अपनी गढ़ी प्रतिमाएँ
नावों में भरकर
सुदूर द्वीपों में ले जाएँ
शुरू करें नई यात्राएँ ... **(2×3=6)**

V. कम से कम **125** शब्दों में किन्हीं **तीन** पर टिप्पणी लिखिए ।

11) कबीर ने सच्चे गुरु की विशेषता किस प्रकार प्रकट किया है ?

12) प्रौढ शिक्षा में किस प्रकार के लोगों के बारे में बताया है ?

13) भवानी प्रसाद मिश्र ने 'बुनी हुई रस्सी' में किसका वर्णन किया है ?

14) 'बादल को घिरते देखा है' कविता में किन-किन बातों का उल्लेख हुआ है ?

15) एक सच्चे भक्त की विशेषता क्या है ? 'प्रियतम' कविता के आधार पर लिखिए । **(3×3=9)**

VI. कम से कम **चार** वाक्यों में किन्हीं **आठ** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

16) सूरदास की काव्य कला की विशेषता क्या है ?

17) 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का उद्‌देश्य क्या है ?

18) रामशरण पहाड़ की तरफ क्यों जाता है ?

19) राम से अलग होने पर मनुष्य को क्या होना है ?

20) 'अकेला दीप' किसका प्रतीक है ?

21) 'बादल को घिरते देखा है' कविता में कवि ने किस महाकवि और महाकाव्य के बारे में याद किया है ?

22) 'सोमा बुआ' का परिचय दीजिए ।

23) आतिथ्य कहानी की विशेषता क्या है ?

24) 'अब नदियाँ नहीं सूखेंगी' कविता के द्वारा कवि क्या कहना चाहता है ?

25) 'प्रौढ शिक्षा' के द्वारा कवि क्या संदेश देता है ? **(8×1=8)**